राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा–4–अ/कला/प्रा.प्र./2018/ दिनांकः

प्रायोगिक प्रशिक्षण केन्द्र की सूचना

स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषय में प्रशिक्षण के क्रम में सूचनार्थ प्रस्तुत कर लेख है कि जी.पी.ई.एम. (Garment Production & Export Management) विषय के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का प्रशिक्षण केन्द्र सत्यसांई महिला महाविद्यालय, जयपुर को निर्धारित किया गया है।

अतः उक्त विषय से सम्बन्धित परीक्षार्थी उक्त महाविद्यालय में प्रशिक्षण हेतु निर्धारित शुल्क जमा करवाकर संलग्न प्रोफॉर्मा भरकर दिनांक 10.12.2018 तक पंजीकरण करवा सकते है। संबंधित महाविद्यालय उक्त विषय का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिनांक 10.01.2019 तक पूर्ण करवालें।

प्रशिक्षण शुल्कः– प्रायोगिक विषय में प्रशिक्षण लेने वाले स्नातक कला संकाय के परीक्षार्थी प्रति विषय रूपये 1000/– प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराने वाले महाविद्यालय में जमा करवाना होगा। जमा शुल्क की रसीद संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र से आवश्यक रूप से प्राप्त कर लें। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क से अधिक शुल्क किसी भी स्थिति में नहीं दें।

नोटः–

1. प्रशिक्षण प्रमाण पत्र को प्रायोगिक विषयों की परीक्षा के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों द्वारा जमा करवाना होगा। प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के अभाव में परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मलित नहीं हो सकेंगे। प्रमाण पत्र की फोटो प्रति अपने रिकार्ड के लिए सुरक्षित रखें।
2. प्रशिक्षण प्रमाण पत्र महाविद्यालय के पोर्टल वेबसाईट www.univraj.org पर ऑनलाईन उपलब्ध होगा।
3. प्रशिक्षण लेने वाले परीक्षार्थी केवल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर ही प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे, अपितु उनके द्वारा परीक्षा फॉर्म एवं परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् योग्यता संबंधी जॉच विश्वविद्यालय स्तर पर करने के पश्चात् ही प्रायोगिक परीक्षा हेतु योग्य हो सकेंगे। प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र की सूची बाद में पृथक से सूचित की जायेगी।

30/11/18

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा–4–अ/कला/प्रा.प्र./2018/ 1362–71 दिनांकः 30/11/18

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. प्राचार्या, सत्यसांई महिला महाविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित विषय के परीक्षार्थियों का प्रायोगिक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय नियमानुसार आपके महाविद्यालय में निर्धारित तिथी तक करवाने का श्रम करें।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राज. वि. वि. जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.uniraj.ac.in** पर प्रसारित करवाने का श्रम करें।
3. उप कुलसचिव, गोपनीय,/विविध/सैलर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. निजी सचिव–कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. अनुभागाधिकारी, परीक्षा संचालन/विविध/रिकार्ड अनुभाग/नामांकन शाखा/केश सैक्शन, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।

उप कुलसचिव (परीक्षा)